चंदूलाल चंद्राकर जी के पुण्यतिथि के अवसर पर राजीव युवा मितान क्लब ने माल्यार्पण कर किया स्मरण, चलाया विशेष सफाई अभियान, प्रतिमा स्थल की साफ-सफाई भी की

भिलाई नगर/ चंदूलाल चंद्राकर जी की पुण्यतिथि के अवसर पर आज राजीव युवा मितान क्लब के द्वारा सुपेला घड़ी चौक के पास एकत्रित होकर चंदूलाल चंद्राकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। इससे पूर्व राजीव युवा मितान क्लब के लोगों ने परिसर की सफाई की तथा आसपास के स्थल को भी स्वच्छ किया। इस दौरान राजीव युवा मितान क्लब के समन्वयक अतुल श्रीवास्तव मौजूद थे। राजीव युवा मितान क्लब के द्वारा अलग-अलग सामाजिक गतिविधि , खेल गतिविधि तथा सांस्कृतिक गतिविधियों के अंतर्गत कार्य किए जा रहे हैं। वार्ड क्षेत्रों में सफाई अभियान भी चलाया जा रहा है, जन जागरूकता भी प्रसारित किए जा रहे हैं, खेल के आयोजन हो रहे हैं। इसी कड़ी में आज चंदूलाल चंद्राकर जी की पुण्यतिथि के अवसर पर सुपेला घड़ी चौक में उनकी प्रतिमा स्थल की साफ, सफाई की गई और श्री चंद्राकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें स्मरण किया गया। गौरतलब है कि चंदूलाल चंद्राकर पत्रकारिता जगत से भी जुड़े हुए थे राजनीति में भी उनकी सक्रिय भागीदारी रही है। प्रारंभिक शिक्षा क्षेत्र दुर्ग रहा है। समाज सेवा की दिशा में भी काफी महत्वपूर्ण योगदान रहा है। 2 फरवरी को उनकी पुण्यतिथि के अवसर पर भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव तथा महापौर नीरज पाल ने भी उन्हें याद कर नमन किया। चंदूलाल चंद्राकर जी की पुण्यतिथि के अवसर पर राजीव युवा मितान क्लब के युवा साथी सुपेला घड़ी चौक के पास एकत्र होकर उनकी स्थापित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया।